# नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में 76 वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया



जबलपुर। 26 जनवरी 2025 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर एवं पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर में माननीय कुलगुरू डॉ. मनदीप शर्मा, ना.दे.प.चि.वि.वि, जबलपुर के मुख्य आतिथ्य में गणतंत्र दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय पर्व 76 वाँ गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर कुलगुरू द्वारा नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात अपने उद्‌बोधन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीदों के बलिदानों को स्मरण करते हुए भावमीनी श्रद्धांजलि दी एवं भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडर जी को याद को करते हुये भारतीय लोकतंत्र की खूबियां गिनाई। कुलगुरू द्वारा भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के जीवन परिचय देते हुये बताया कि नानाजी देशमुख ने अपने जीवन में ग्रामीण विकास के अंतर्गत कृषक एवं पशुपालकों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान कार्यों के निर्वाहन में जो उत्कृष्ट भूमिका रही है, उसी के परिणाम स्वरुप विश्वविद्यालय का नामकरण नानाजी देशमुख हुआ।



वि.वि. एवं पशुचिकत्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ उत्कृष्ट कार्य एवं पशु प्रदर्शनी, पशु उपचार शिविर तथा कृषकों के सेमिनार, कार्यशाला, एवं विभिन्न गतिविधियों में सहभागी/प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।



कार्यक्रम का संचालन उप कुलसचिव डॉ. राम किंकर मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन कुलसचिव डॉ. एस.एस. तोमर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त संचालकगण, अधिष्ठातागण, अधिकारीगण, प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र – छात्राओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर